भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 607
जिसका उत्तर मंगलवार, 19 दिसंबर, 2017 को दिया जाना है

पीएसयू की बिक्री

607. श्री सी. एन. जयदेवन:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने सात सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसयू) की रणनीतिक बिक्री करने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख): नीति आयोग और निवेश और लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग, वित्त मंत्रालय की सिफारिशों के आधार पर, सरकार ने दिनांक 27.10.2016 को भारी उद्योग विभाग (डीएचआई) के अधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के 6 उद्यमों के संदर्भ में निम्नलिखित अनुमोदित किया है:-

- ब्रिज एंड रूफ कंपनी लिमिटेड, स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड और भारत पंप्स एंड कम्प्रेसर्स लिमिटेड का 100% विनिवेश।
- द्विचरणीय नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से रणनीतिक खरीदार को संबंधित केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम की 100% शेयरधारिता का हिन्दुस्तान न्यूज़प्रिंट लिमिटेड में विनिवेश।
- सीमेन्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की इकाइयों का वहां विनिवेश किया जाना, जहां यह द्विचरणीय नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से रणनीतिक खरीदार के लिए कानूनी दृष्टि से अनुमेय हो।
- इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड का उसी के समान कार्य करने वाले केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के साथ विलय।

*****